वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित
INSPIRED BY THE 5F VISION FARM TO FIBRE TO FACTORY TO FASHION TO FOREIGN
आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन
भारत के सबसे बड़े टेक्सटाइल इवेंट के लिए हो जाइए तैयार
फिर एक बार
Bharat TEX 2025
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY
Global Textile Expo
मुख्य आयोजन
14-17 फरवरी | भारत मंडपम, नई दिल्ली
सहायक आयोजन
12-15 फरवरी | इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट, ग्रेटर नोएडा

# सड़क पर मारपीट में दो आरोपी गिरफ्तार

### कार में की थी तोड़फोड़, चालक का मोबाइल फोन भी तोड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में सड़क पर मारपीट के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने एक कार में तोड़फोड़ करने के साथ चालक का मोबाइल भी तोड़ दिया था। दोनों आरोपी कार चालक को जान से मारने की धमकी देकर चले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है।

रेवाड़ी के बावल निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीते बुधवार की सुबह वह सेक्टर-37 के पास ट्रैफिक बूथ से होते हुए हीरो होंडा चौक की तरफ जा रहा था। इसी दौरान हीरो होंडा चौक की ओर से एक कार गलत साइड से आ रही थी। राकेश ने चालक को नसीहत देते हुए उसे कार हटाने के लिए कहा।

इसके बाद उक्त चालक ने कार को राकेश की कार के आगे लगा दिया। वहीं, कार से बसई गांव के हेमंत व आकाश नामक दो युवक उतरे और राकेश के साथ झगड़ा करने लगे। उन्होंने राकेश की कार में तोड़फोड़ करते हुए उसका मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों हेमंत व आकाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही है।

# वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी से जालसाजों ने ठगे 2.65 करोड़

## शेयर बाजार में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का दिया था झांसा

आपकी कमाई पर साइबर ठगों की नजर
अमर उजाला विशेष

अमर उजाला ब्यूरो

**गुरुग्राम।** साइबर ठगों ने एयरफोर्स के सेवानिवृत्त अधिकारी से 2.65 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-54 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जुलाई 2024 में उनके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। उसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का प्रलोभन दिया गया था। इसके बाद एक युवती ने कॉल कर निवेश करने व मुनाफे के बारे में जानकारी दी। जालसाज ने भरोसा दिया कि उन्हें वह आगे भी टिप्स देता रहेगा। जालसाज के झांसे में आकर सेवानिवृत अधिकारी ने 17 दिसंबर 2023 से 23 जनवरी 2025 तक कई बार में 2.65 करोड़ रुपये उनके बताए गए खातों में भेज दिए। एप पर दिख रहे मुनाफे को निकालने की बात कही तो जालसाज पहले आनाकानी करने लगा। इसके बाद उसने अपना फोन ही बंद कर लिया। इस पर सेवानिवृत अधिकारी को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। परेशन होकर पुलिस को जालसाज के खिलाफ शिकायत दी है।

## निवेश के नाम पर महिला से 7.57 लाख रुपये की ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध थाना पूर्व क्षेत्र में निवेश कराने के नाम पर जालसाजों ने एक महिला से 7.57 लाख रुपये की ठगी की है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की है।

साउथ सिटी-2 निवासी शैफाली बख्शी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका अपना कारोबार है। बीते 25 अक्तूबर 2024 को उसके मोबाइल पर निवेश करने के बारे में एक लिंक मैजेस आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद शैफाली बख्शी को व्हाट्सएप पर एक ग्रुप के साथ जोड़ा गया। ग्रुप में शैफाली बख्शी को अच्छे खासे मुनाफे का प्रलोभन देते हुए उसे रुपये निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया।

जालसाजों के झांसे में आकर शैफाली बख्शी ने पांच बार में 7.57 लाख रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद शैफाली बख्शी ने निवेश किए गए रुपये निकालने की बात की तो जालसाजों ने उसको कुछ रुपये और निवेश करने के लिए कहा। यह राशि निवेश करने के बाद ही पहले वाली राशि निकालने की बात कही गई। इससे शैफाली बख्शी को समझ में आ गया कि जालसाजों ने उसके साथ ठगी की है। ब्यूरो

## आईफोन बेचने के नाम पर 30 हजार की ठगी

**गुरुग्राम।** आईफोन बेचने के नाम पर जालसाज ने एक युवक से 30 हजार रुपये की ठगी की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। रेवाड़ी निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह डीएलएफ फेज-1 चकरपुर में रहते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आईफोन 13 प्रो मैक्स खरीदने के लिए विज्ञापन देखा। उसे खरीदने के लिए पहले 100 रुपये का बुकिंग अमाउंट लिया गया। इसके बाद एक शख्स ने कॉल कर मोबाइल डिस्पैच कराने के लिए दो हजार रुपये का भुगतान करने को कहा गया। अमित ने 26 जनवरी को राशि यूपीआई से भेज दी। इसके बाद अमित से सर्विस चार्ज व जीएसटी के नाम पर भी भुगतान कराया गया लेकिन आईफोन नहीं आया। ब्यूरो

## नाबालिग की हत्या में हुई दो आरोपियों की पहचान

**गुरुग्राम।** सेक्टर-10 थाना क्षेत्र में नाबालिग की हत्या में पुलिस ने दो आरोपियों की पहचान की है। दोनों नाबालिग हैं। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। बता दें कि सेक्टर-37डी औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को शव पड़ा होने की सूचना सेक्टर-10 थाना पुलिस को मिली थी। मृतक की पहचान सरस्वती एंक्लेव निवासी दीक्षित के रूप में हुई। ब्यूरो




**GMVN गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम), 74/1, राजपुर रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड, पिन कोड–248001
CIN- U31101UR1976SGC004259 , E-mail: gmvn@sanchernet.in, gmvn@gmvnl.in, gmvnengg@gmail.com, Ph- 0135- 2746817, 2749308

पत्रांकः 861/ई0अनु0(नौ)–ई–निविदा    दिनांक : 30.01.2025

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

प्रबन्ध निदेशक, गढवाल मण्डल विकास निगम लि0, 74/1 राजपुर रोड, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **गंगा रिसोर्ट शीशमझाडी, मुनि की रेती, ऋषिकेश जनपद टिहरी (उत्तराखण्ड) में अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव – 2025 के इवेंट मैनेजमेंट हेतु सर्विस प्रोवाइडर्स के चयन हेतु** ई–निविदा के माध्यम से दिनांक 10.02.2025 को अपरॉहन 1500 बजे तक ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरॉहन 1530 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र, नियम, शर्ते आदि की जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की अधिकृत वेबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर दिनांक 31.01.2025 को अपरॉहन 1700 बजे से प्राप्त की जा सकती हैं।

**महाप्रबन्धक (निर्माण)**

**DDR COLLEGE OF EDUCATION**
(Approved by NCTE and Affiliated to M.D. University, Rohtak)
(Khandewla, Gurgaon (Haryana)-122505 Ph: 9416302572, 9416713995,
www.ddrustagicollege.com, email - ddrcollege@gmail.com

**Invites Applications For The Following Posts On Regular Basis Under SFS**

**TEACHING FACULTY**

**For M.Ed. :-** Professor: 1, Associate Professor: 2, Assistant Professor: 6
**For B.Ed. : -** Assistant Professor: Perspectives in Education: 8, Assistant Professor: Pedagogy Subjects: 16 (Maths-2, Phy.Sc.-2, Soc.Sc.-3, Hindi-2, Sansk.-1, Home Sc.-1, Commerce-1, Eco.-1), Health & Phy. Edu.: 2, Fine Arts: 2, Performing Arts (Music/ Dance/ Theatre): 2
**Non Teaching Faculty : -**Librarian: 1, Library Assistant-1, Office Superintendent: 1, Office assistant-cum-accountant: 1, Clerk: 2, Lab Assistant: 2, Technical Assistant: 2, Storekeeper: 1, Lab attendant: 1, Computer operator: 1, Mali: 2, Peon: 2, Sweeper: 2,Chowkidar: 3
Qualification, Pay Scales & Experience as per norms of NCTE/UGC/State Govt. & MDU. The Qualification for Teaching Posts.
Application form is available on the website www.ddrustagicollege.com. Interested candidates may download it or obtain it from the college on any working day and apply with visible copies of all testimonials &experience certificates within 21 days from the date of publication of this advertisement i.e. till 20-02-2025 to the President of the College through Regd. Post/ by hand or at e mail: ddrcollege@gmail.com. A copy of the application form along with copies of all testimonials must also be sent to DCDC, MD University, Rohtak.
Note: Only those eligible candidates whose application forms are received in the college as well as in office of the DCDC, MDU, Rohtak within 21 days of publication of the advertisement i.e. till 20-02-2025 will be called for interview.

PRESIDENT, DDR COLLEGE OF EDUCATION

**DPG LAW COLLEGE**
Near Hero Honda Chowk, Behind Marble Market, Sec-34, Gurgaon
Website: **www.dpglawcollege.com** I Contact No.: **8851-846865**

**REQUIREMENT**

Applications are invited for the Following Posts on regular basis:-
**Director/Principal**-01

**TEACHING POST**

**Professor in Law**- 03, **Associate Professor in Law**- 06, **Assistant Professor in Law**-12

Pre-Law Subjects - **Assistant Professor** in Hindi, English, History, Political Science, Environmental Science, Sociology, Commerce, Managment, Economics (one each), **Assistant Professor in Management**- 03

**NON-TEACHING POST**

**Librarian-** 01, **Library Attendant-** 02, **Computer Operator**- 01, **Clerk-cum-Typist**- 03, **Data Entry Operator**- 03, **Technical Assistant**- 02, **Lab Attendant**- 01, **Peon**- 03, **Office Store Keeper**- 01, **Assistant-cum-Accountant**- 02, **Chowkidar**- 02, **Sweeper**- 02.

**Qualifications I Experience/Pay scales as per the norms of State Govt./BCI New Delhi/M.D. University Rohtak.**

The interested candidates may download the Application Form from the college website i.e. **www.dpglawcollege.com** and apply along with all the relevant documents within 21 days from the date of publication of the advertisement but not later than 12th-February-2025 by hand or through Speed/registered post to the College. One copy of application form must be submitted to the **DCDC, M.D. University, Rohtak-124001, Haryana**, by Speed post / by Hand.

**President, DPG Law College**

## अपराध संक्षेप

### बाइक चोरी के मामले में नाबालिग को पकड़ा

**गुरुग्राम।** अपराध शाखा सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने बाइक चोरी मामले में एक नाबालिग को बीते बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से चोरी हुई एक बाइक बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते 25 दिसंबर 2024 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-5 में एक लिखित शिकायत में बताया था कि 23 दिसंबर 2024 को गोल चक्कर सेक्टर-5, गुरुग्राम से किसी अज्ञात द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली है। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-5 में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। ब्यूरो

### अवैध हथियार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** अवैध हथियार रखने व बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों से तीन अवैध पिस्टल व एक कारतूस बरामद कर उनके खिलाफ संबंधित थानों में अलग-अलग तीन मामले दर्ज कराए हैं। सीआईए सोहना की पुलिस टीम ने राहुल निवासी गांव अलीपुर, गुरुग्राम को थाना भोंडसी क्षेत्र में देसी पिस्टल व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। अपराध शाखा सेक्टर-10 की पुलिस टीम ने रोहित यादव उर्फ रिंकू निवासी गांव पलडा, गुरुग्राम को थाना बादशाहपुर क्षेत्र से अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया। अपराध शाखा सेक्टर-43 की पुलिस टीम ने सचिन कुमार निवासी गांव वजीराबाद, गुरुग्राम को थाना सेक्टर-53 क्षेत्र से अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। संवाद

### कूरियर कंपनी का लाखों का सामान चुराया

**गुरुग्राम।** सदर थाना क्षेत्र में एक ऑटो चालक कूरियर कंपनी का लाखों रुपये का सामान लेकर फरार हो गया है। कूरियर कंपनी के संचालक की शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की है। नयागांव निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-39 में कूरियर का कार्यालय है। उन्हें सोहना रोड स्थित डीटीडीसी कूरियर ऑफिस के लिए सामान भिजवाना था। बीते मंगलवार को कार्यालय कर्मी दीपक ने रोड पर से ही एक ऑटो बुक किया। ऑटो में 16 लैपटॉप, एक प्रिंटर, एक कपड़े का बॉक्स, एक बॉक्स आईटी का सामान लोड करवाकर उसे रवाना कर दिया गया। संवाद

### ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना के आरोप

**गुरुग्राम।** सदर थाना क्षेत्र में इस्लामपुर निवासी संतोष रविवंशी ने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने व जातिसूचक शब्द कहने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने महिला के पति अभिषेक सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, मयंक सोलंकी व कविता सोलंकी पर मामला दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

### बाल विवाह के दुष्प्रभाव बताए

**गुरुग्राम।** बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत गांव चौमा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शक्ति वाहिनी संस्था के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें एक हजार से अधिक लोग उपस्थित रहे। ब्यूरो

**पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड**
PETRONET LNG LIMITED
पंजीकृत कार्यालय : वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली–110001
फोनः 011–23411411 सीआईएनः L74899DL1998PLC093073
ई-मेलः investors@petronetlng.in कम्पनी वेबसाइटः www.petronetlng.in
पैनः AAACP8148D जीएसटीः 07AAACP8148D1Z1

**शेयरधारकों को नोटिस**

**वित्तीय वर्ष (वि.व.) 2017-18 के लिए भुगतान न किए गए/दावा न किए गए लाभांश वि.व. 2018-19 के लिए विशेष अंतरिम लाभांश और कंपनी के इक्विटी शेयरों का अनिवार्य हस्तांतरण जो निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष के लिए दावा न किए गए लाभांश से संबंधित है**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(5) के अनुसार, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम, 2016 (आईईपीएफ नियम, 2016 ) के अनुपालन में, कम्पनी को, जो लाभांश बकाया या दावा न किया गया हो, उसे अवैतनिक लाभांश खाते में स्थानांतरण की तारीख से सात साल की अवधि के उपरान्त, केन्द्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (फंड) के क्रेडिट में डालना होगा।

इसके अलावा, आईईपीएफ नियम, 2016 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6 ) के अनुसार सभी शेयर, जिनके संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, को भी निवेशक शिक्षा और संरक्षण फंड खाता (आईईपीएफ खाता) में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

जिन शेयरधारकों का दावा न किया गया लाभांश और दावा न किए गए शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिए गए हैं, उनका विवरण कंपनी की वेबसाईट **https://www.petronetlng.in/** पर उपलब्ध है और शेयरधारकों को समय-समय पर रिमाइंडर पत्र भी भेजे गए हैं, जिससे शेयरधारक दावा न किए गए लाभांश/दावा न किए गए शेयरों का दावा करें।

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए अंतिम लाभांश तथा वि.व. 2018-19 के लिए विशेष अंतरिम लाभांश क्रमशः 14 सितम्बर, 2018 और 02 नवम्बर, 2018 को घोषित किया गया था। कंपनी अधिनियम, 2013 के साथ पठित आईईपीएफ नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार, उपरोक्त लाभांश की अवैतनिक और दावा न की गई राशि वैधानिक समय सीमा के भीतर फंड में हस्तांतरण के लिए देय होगी। धारकों के संबंधित शेयर जिन्होंने लगातार सात वर्षों तक अपने लाभांश का नकदीकरण/दावा नहीं किया है, उन्हें भी आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किया जाता है। दावा न किए गए/अवैतनिक लाभांश और संबंधित शेयरधारकों के शेयरों का विवरण कंपनी की वेबसाइट **https://www.petronetlng.in** पर अपलोड किया गया है।

**शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने अवैतनिक/दावा न किए गए लाभांश का दावा करें। यदि संबंधित शेयरधारकों द्वारा 30 सितम्बर, 2025 तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है, तो कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष (वि.व.) 2017-18 के लिए दावा न किए गए लाभांश तथा वि.व. 2018-19 के लिए विशेष अंतरिम लाभांश को निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि को ऊपर बताई गई वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। संबंधित शेयरों को भी निम्नलिखित तरीके से स्थानांतरित किया जाएगाः**

**यदि शेयर धारित हैं:**

- **भौतिक रूप में** – नया शेयर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने पर आईईपीएफ के पक्ष में स्थानांतरित किया जाएगा। इसलिए, मूल शेयर प्रमाणपत्र जो शेयरधारकों के नाम पर पंजीकृत हैं, उन्हें रद्द और गैर-परक्राम्य माना जाएगा।
- **डीमैट रूप में** – कंपनी डिपॉजिटरी के माध्यम से आईईपीएफ प्राधिकरण को कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से शेयरों को हस्तांतरित करेगी।

शेयरधारक यह भी नोट करें कि आईईपीएफ नियम, 2016 के अनुसार, आईईपीएफ को शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से, कंपनी द्वारा अपनी वेबसाईट **https://www.petronetlng.in/** पर अपलोड किए गए संबंधित शेयरधारकों के दावा न किए गए लाभांश और शेयरों का विवरण नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त नोटिस के रूप में माना जाएगा।

शेयरधारक ध्यान दें कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) और आईईपीएफ नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसार; शेयरधारकों द्वारा धारित शेयरों और दावा न किए गए लाभांश के आईईपीएफ को हस्तांतरण की स्थिति में, शेयरधारक वेबसाइट **www.iepf.gov.in** पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ-5 में एक ऑनलाइन आवेदन जमा करके आईईपीएफ से इसे दावा करने के हकदार हैं। दावे के सत्यापन के लिए इसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपेक्षित दस्तावेजों के साथ विधिवत हस्ताक्षरित करके भेजें।

यदि आपके पास कोई प्रश्न है या निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण से लाभांश की धनवापसी/शेयरों का दावा करने की असुविधा से बचने के लिए, जिन शेयरधारकों ने वित्तीय वर्ष 2017-18 और उसके बाद के लाभांश से संबंधित वारंट प्राप्त/दावा/नकद नहीं किया है, वे हमारे रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) यानी श्री राजेश मिश्रा, मै. बिगशेयर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, कार्यालय नं. एस6-2, 6वां तल पाईनेक्कल बिजनैस पार्क, अहूरा सेंटर से अगला, महाकाली केवज़ रोड अंधेरी (ई.), मुंबई-400093, टेली. 022-62638200, 011-42425004, 011-47565852, फैक्सः 022-62638280, ईमेलः **investor@bigshareonline.com** या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर अपने दावे दर्ज करा सकते हैं।

इसके अलावा शेयरधारक अपनी जानकारी को पंजीकृत करवाने अथवा अपने प्रश्नों को पूछने के लिए निम्न लिंक का इस्तेमाल कर सकते हैं:-
**https://www.bigshareonline.com/InvestorLogin.aspx ; or**
**https://iconnect.bigshareonline.com/Account/Login**

तत्काल संदर्भ के लिए, आईईपीएफ प्राधिकरण से शेयरों/लाभांश का दावा करने की प्रक्रिया और वैधानिक प्रावधान कंपनी की वेबसाइट **www.petronetlng.in** के निवेशक अनुभाग के तहत उपलब्ध है।

कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड
हस्ता/–
(राजन कपूर )
जीजीएम एवं अध्यक्ष-कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30-01-2025

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय

**University of the Year (Emerging) 2024 by FICCI**

**शैक्षणिक कार्यक्रम 2025-26**

**स्नातकोत्तर कार्यक्रम**

- **एम.ए.** – अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, संस्कृत, हिंदी अनुवाद
- **एम.एससी.** – रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूगोल, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी, सूक्ष्म जीवविज्ञान, जैवरसायनविज्ञान, पोषण जीवविज्ञान, जैवप्रौद्योगिकी, योग, डाटा साइंस, जियोइंफोरमेटिक्स
- **एम.टेक.** – एनर्जी सिस्टम, स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, कम्पयूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग
- **विधि** – एलएलबी (3 वर्षीय), एलएलएम
- **एमसीए** (मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशंस)
- **एम.लिब. एंड इंफो. साइंस** (लाइब्रेरी एंड इंफॉमेशन साइंस)
- **एमएचएमसीटी** (मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टैक्नोलॉजी)
- **एमटीटीएम** (मास्टर ऑफ ट्यूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट)
- **एम.फॉर्म (फॉर्माकोग्नॉसी)**
- **एम.फॉर्म (फॉर्माकोलॉजी)**
- **एम.पी.एड.** (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन)
- **एम.कॉम., एमबीए, एम.एड., बी.एड.**
- **पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेब्लिटेशन साइक्लॉजी (पीजीडीआरपी)**
- **एडवांस डिप्लोमा इन चाइल्ड गाइडेंस एंड काउंसलिंग (एडीसीजीसी)**

केवल स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – **01.02.2025 (रात्रि 11.50 बजे तक)**
फीस जमा करने की अंतिम तिथि – **02.02.2025 (रात्रि 11.50 बजे तक)**

- विस्तृत विवरण के लिए **www.cuh.ac.in, https://cuetpg.ntaonline.in/** देखें।

**विश्वविद्यालय की मुख्य विषेशताएं**


- एनसीआर क्षेत्र का अग्रणी बहुविषयक केंद्रीय विश्वविद्यालय
- 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम
- ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेंटर
- पूर्णतया वाईफाई, हरित एवं प्रदूषण रहित परिसर
- छात्रों एवं छात्राओं के लिए छात्रावास
- अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ एवं पुस्तकालय
- वातानुकूलित कक्षाएँ एवं प्रयोगशालाएँ
- निपुण एवं दक्ष संकाय
- एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स एंड मल्टीपल एंट्री एंड एग्जिट
- मूल्यवर्धित पाठ्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला

**स्नातक पाठ्यक्रम**

- **बी.वॉक.** – रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट, बायोमेडिकल साइंसेज, इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट
- **बी.टेक.** – कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी
- **इंटीग्रेटेड कार्यक्रम** – बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री, बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स, बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स, बी.ए.बी.एड. (चार वर्षीय)
- **बी.एससी. (ऑनर्स)** इन साइक्लॉजी

- **स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना अलग से जारी की जाएगी।**

@cuhofficial    कुलसचिव (प्रभारी)



क्या आप जानते हैं? एक्सचेंज कभी भी मार्जिन भुगतान नहीं मांगते या किसी की ओर से व्यापार नहीं करते। स्कैम्स से सुरक्षित रहने के लिए हमेशा ऑफिशियल चैनलों के माध्यम से ऐसे दावों की पुष्टि करें।
मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज इन्वेस्टर प्रोटेक्शन फण्ड द्वारा जनहित में जारी
कमोडिटी डेरिवेटिव बाजार में लेनदेन या निवेश करने से पहले जोखिम प्रकटीकरण दस्तावेज़ (RDD) को ध्यान से पढ़ें।
सूचित निवेशक बने रहने के लिए स्कैन करें
सेबी निवेशक वेबसाइट पर ज्ञान के भंडार को अनलॉक करें।
QR कोड स्कैन करें।
MCX METAL & ENERGY Trade with Trust
MCX INVESTOR PROTECTION FUND